आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. संसद के विस्तारित बजट सत्र के तीन दिन का विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो रहा है।

2. द्वीपसमूह में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण और आवास जनगणना का पहला चरण आज से शुरू ।

3. आईआईएम कलकत्ता के निदेशक प्रोफेसर आलोक कुमार राय नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप उच्च शिक्षण संस्थान के कुलपति होंगे।

4. शिक्षा विभाग, की ओर से आज से आठवें राज्य स्तरीय लीग–कम–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट प्री–सुब्रतो, का आयोजन किया जा रहा हैं।

<><><><><><><>

संसद के विस्तारित बजट सत्र का तीन दिन का विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र 18 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में खासतौर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अधिनियम पर अमल के लिए सरकार तीन संशोधन विधेयक पेश करेगी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए इस अधिनियम को 2023 में पारित किया गया था। परिसीमन विधेयक में लोकसभा में राज्यों के लिए सीटों के आवंटन, प्रत्येक राज्य में विधानसभा सीटों की कुल संख्या और लोकसभा तथा विधानसभा वाले प्रत्येक राज्य को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित करने का प्रावधान है।

<><><><><><><>

जनगणना 2027 को दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। चरण– एक के तहत मकान सूचीकरण और आवास जनगणना और चरण–दो में जनसंख्या गणना किया जाएगा। द्वीप समूह में आज से इस प्रक्रिया का पहला चरण शुरू हो रहा है। मकान सूचीकरण का कार्य आज से 15 मई तक चलेगा। इस चरण में परिवारों के पास उपलब्ध संपत्ति और सुविधाओं से संबंधित डेटा एकत्र किया जाता है। जनगणना के लिए नियुक्त प्रगणक क्षेत्रों का दौरा कर काल्पनिक मानचित्र तैयार करेंगे, और प्रत्येक भवन को नंबर देंगे। वे प्रत्येक घर से जानकारी एकत्र करेंगे और गैर–आवासीय भवनों के उपयोग के बारे में भी डेटा लेंगे। जनगणना संचालन निदेशक, पूर्वा गर्ग ने सभी मुख्य जनगणना अधिकारियों और चार्ज जनगणना अधिकारियों

के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने फील्ड वर्क की तैयारियों का जायजा लिया और काम को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निवासियों से प्रगणकों को सटीक जानकारी प्रदान करने की अपील की गई है। उन्हें किसी भी भ्रम या गलत सूचना से बचने को कहा गया है। जनगणना अधिकारी आपसे कोई भी पहचान दस्तावेज, बैंक विवरण, ओटीपी या वित्तीय जानकारी नहीं मांगेंगे। साझा की गई सभी जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रहेगी।

<><><><><><>

द्वीपों के सांसद, बिष्णु पद रे ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत चल रहे स्व–गणना को पूरा किया। उन्होंने जनगणना की डिजिटल पहल की सराहना करते हुए स्व–गणना पोर्टल के सरल और आसान इंटरफेस की प्रशंसा की। स्व–गणना पोर्टल पहली अप्रैल से कल तक सक्रिय रहा।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित आईलैंड फूड फेस्टिवल का आयोजन कल से 19 अप्रैल तक प्रदर्शनी मैदान में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक किया जा रहा है। यह उत्सव केवल भोजन का ही नहीं, बल्कि द्वीपों की परंपराओं, कहानियों और विविधता में एकता की भावना का भी प्रतीक है। इसमें स्थानीय विक्रेताओं, स्वयं सहायता समूहों और कन्नड़ संघ, भोजपुरी समाज, मोपला, रांची एसोसिएशन और निकोबारी समूहों जैसे सांस्कृतिक संघों द्वारा प्रामाणिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उत्सव में आईलैंड ड्रिंक्स और थीम–आधारित केक डेकोरेशन जैसी कुकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। स्थानीय कलाकारों द्वारा नृत्य, संगीत और अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा जागरूकता नाटकों का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन विभाग ने सभी निवासियों और पर्यटकों से इस उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

<><><><><><>

आईआईएम कलकत्ता के निदेशक प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल, एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की। श्री राय को शिक्षा मंत्रालय द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप उच्च शिक्षण संस्थान के कुलपति के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बैठक में नवनिर्मित विश्वविद्यालय के संचालन के तरीकों, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम डिजाइन और शैक्षणिक ढांचे से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार–विमर्श किया गया।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग, की ओर से आठवें राज्य स्तरीय लीग–कम–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट प्री–सुब्रतो, का आयोजन किया जा रहा है। अंडर–17 लड़के और लड़कियों की श्रेणी में यह टूर्नामेंट नेताजी स्टेडियम और जेएनआरएम फुटबॉल मैदान में खेला जाएगा। मैच आज सुबह से दोनों मैदानों पर चल रहे हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन कल शाम 3 बजे नेताजी स्टेडियम में होगा। 20 अप्रैल तक चलने वाला यह टूर्नामेंट सुब्रतो कप के लिए एक शुरूआत है, जिसमें द्वीपों के विभिन्न स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने टूर ऑपरेटरों, स्थानीय व्यवसायों और व्यक्तियों सहित सभी हितधारकों से पर्यटन स्थलों के आसपास लगाए गए किसी भी अनधिकृत होर्डिंग, बैनर या प्रदर्शन सामग्री को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। विभाग ने कहा कि द्वीपों के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर कई अनधिकृत होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं। ऐसे अवैध निर्माण पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए असुविधा का कारण बनते हैं। सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना पर्यटन स्थलों पर किसी भी प्रकार के होर्डिंग या बैनर लगाना सख्त वर्जित है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और बिना किसी पूर्व सूचना के ऐसी सामग्रियों को हटा दिया जाएगा।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग की ओर से चाथम पावर हाउस में 10 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का विस्तार किया गया है। यह संयंत्र अगले 3–4 दिनों के भीतर अपने व्यावसायिक संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी। विभाग खराब पड़े 5 डीजी सेटों को एक सप्ताह के भीतर बहाल करने का प्रयास कर रहा है। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे बिजली का विवेकपूर्ण और सीमित उपयोग करें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार स्वास्थ्य विभाग में ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई की मध्यरात्रि 12 बजे तक है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपना पूर्ण आवेदन पत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में जनवरी 2027 सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 20 अप्रैल कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार अब अपने आवेदन पत्र 20 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय में जिला स्तर पर विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अनुसार तीन जिला आपदा प्रबंधन सलाहकारों की नियुक्ति संविदा आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी। ये सलाहकार संबंधित जिलों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सहयोग देंगे और आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों को संचालित करने में सहायता करेंगे।

<><><><><><><>

जेएनआरएम कॉलेज के इतिहास विभाग की ओर से हाल ही में जलियावाला बाग हत्याकांड की स्मृति में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। पब्लिक मेमोरी और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य:जलियावाला बाग को याद करते हुए इस विषय पर आयोजित सेमिनार में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने जलियावाला बाग जैसी ऐतिहासिक घटनाओं को याद रखने के महत्व पर जोर दिया। सेमिनार के दौश्रान उपनिवेशकालिन हिंसा, जन स्मृति और इतिहास लेखन जैसे विषयो ंपर चर्चा की गई।

<><><><><><><>